सार-समाचार

फायरिंग मामले का एक आरोपी पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। बालेसर पुलिस ने एक शादी समारोह में अवैध हथियार से फायरिंग करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। घटना बालेसर थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में आम्र्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से पीछा कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी शिवनाथ सिंह की ढाणी रातडिय़ा, जिला जैसलमेर निवासी जगमाल सिंह पुत्र भंवर सिंह है। बालेसर थाना प्रभारी सीआई मूल सिंह भाटी ने बताया कि गत दिनों थाना बालेसर के हिस्ट्रीशीटर भवानी सिंह के व्हाट्सएप स्टेटस पर एक वीडियो था। इस वीडियो में भवानी सिंह, तुराला नाडा आमला, पुलिस थाना फलोदी निवासी सवाई सिंह पुत्र लाल सिंह सहित 3-4 अन्य लोग अवैध हथियारों से हवाई फायर करते हुए दिख रहे थे। इस वीडियो के आधार पर, बालेसर पुलिस थाना में हिस्ट्रीशीटर भवानी सिंह, सवाई सिंह और अन्य 3-4 व्यक्तियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इन पर बिना वैध लाइसेंस और अनुमति के अवैध देशी कट्टा और मजल लोडिंग बंदूक रखने और उनसे फायर करने का आरोप है। मामला दर्ज होने के बाद, बालेसर थाना प्रभारी सीआई मूल सिंह भाटी के नेतृत्व में हिस्ट्रीशीटर भवानी सिंह और अन्य आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। पुलिस अब भी हिस्ट्रीशीटर भवानी सिंह की तलाश कर रही है।

जल संरक्षण के लिए सम्मान किया

जोधपुर, (कासं)। सम्भाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव कार्यशाला सोमवार को महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। कार्यशाला में संभाग के सभी जिलों से प्रत्येक पीएमकेएसवाई-20, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.1 एवं 2.2 की प्रत्येक योजना से प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला जल संरक्षण, जल प्रबंधन तथा वाटरशेड विकास से जुड़े नवाचार एवं अनुभव साझा करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें सभी जिलों के साथ अन्य विभागों एवं संस्थाओं के स्टॉल प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, वाटरशैड कप प्रतियोगिता के दौरान भामाशाहों के योगदान पर विशेष सत्र आयोजित हुए तथा परियोजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, कलेक्टर गौरव अग्रवाल सहित कई प्रशासनिक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जोधपुर, (कासं)। वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में साप्ताहिक समीक्षा एवं विशेष तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 10 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की गतिविधियों एवं आयोजन रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया और संबंधित नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि 2 वर्ष के कार्यकाल उपलक्ष्य में होने वाले आयोजनों के माध्यम से शासन के जन-कल्याणकारी संकल्प और विकासात्मक उपलब्धियों का संदेश जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक विभाग पूर्ण समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, जनशिकायत निस्तारण की स्थिति, न्यायालयीन प्रकरणों, मुख्यमंत्री एवं वीआईपी प्रकोष्ठ से संबंधित विषयों, मानवाधिकार आयोग संदर्भों, लोकायुक्त प्रकरणों तथा अंतर्विभागीय समन्वय पर चर्चा की गई।

मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

जालोर, (का.सं.)। जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 9 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) कपिल लूणा ने दी।

बेटे की हत्या के दोषी पिता को मिली पैरोल

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण और न्यायाधीश बिपिन गुप्ता की खंडपीठ ने आजीवन कारावास के दोषी लक्ष्मणदास को बीस दिन की पहली पैरोल की अनुमति दी है। कोर्ट ने पैरोल अस्वीकार करने वाले जिला पैरोल सलाहकार समिति के 14 जुलाई के आदेश को रद्द किया है।

दरअसल प्रताप नगर संजय ए कॉलोनी निवासी लक्ष्मणदास पुत्र खेमचंद को ट्रायल कोर्ट ने अपने ही बेटे की हत्या का दोषी करार दिया था। वह वर्तमान में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। फिलहाल ओपन एयर कैंप बाड़मेर में है। उसने अपनी पहली बीस दिन की पैरोल के लिए यह याचिका दायर की थी। जिला पैरोल सलाहकार समिति, जोधपुर ने 14 जुलाई को याचिकाकर्ता की पैरोल याचिका को अस्वीकार कर दिया था। यह अस्वीकृति मुख्य रूप से पुलिस उपायुक्त, (पश्चिम) और परिवीक्षा एवं कारागार कल्याण अधिकारी की रिपोर्ट पर आधारित थी, जिन्होंने परिवार और पड़ोसियों की आपत्तियों के आधार पर पैरोल की सिफारिश नहीं की थी। कोट में याचिकाकर्ता के लिए उपस्थित एमीकस क्यूरी अंजलि कौशिक ने तर्क दिया कि पैरोल का उद्देश्य अपराधी का पुनर्वास और समाज में पुनर्समावेश है। चूंकि याचिकाकर्ता ने ओपन एयर कैंप में रहते हुए जेल में अच्छा आचरण प्रदर्शित किया है, इसलिए पैरोल से इनकार करना गलत है। राजस्थान हाईकोर्ट ने पैरोल प्रणाली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान पैरोल व्यवस्था में ऐसे कैदियों के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है जो बेघर हैं, जिनका कोई अभिभावक नहीं है या परिवार का समर्थन नहीं है। कोर्ट ने कनाडा जैसे विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कम्युनिटी करेक्शन सेंटर और रेजिडेंशियल फैसिलिटीज हैं, जो बिना घर और परिवार वाले पैरोलियों को आवास और भोजन उपलब्ध कराती हैं। कोर्ट ने कहा कि यह समय है कि सरकार अपनी पैरोल नीति पर पुनर्विचार करें, ताकि ऐसे कैदियों की स्थितियों का ध्यान रखा जा सके जिनके पास रहने के लिए जगह या देखभाल करने वाला कोई नहीं है। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि पैरोल का उद्देश्य कैदी के अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करना है, और यह पुनर्वास और समाज में पुनसमावेश का एक अवसर है। कोर्ट ने माना कि समिति याचिकाकर्ता के अनुमोदित आचरण की सराहना करने में विफल रही। चूंकि याचिकाकर्ता के परिवार/रिश्तेदारों ने उसके साथ रहने से इनकार कर दिया, कोर्ट ने उसे बिना निवास और देखभाल करने वाले व्यक्ति के रूप में माना। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पैरोल को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि पैरोली के पास स्थायी निवास, देखभाल करने वाला या अभिभावक नहीं है।

हवाई उड़ानें रद्द होने पर रेलवे ने यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की

जोधपुर, (कासं)। हावड़ा-जोधपुर के बीच हवाई उड़ानें रद्द रहने और नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों को राहत देते हुए उनकी सुविधार्थ विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया। ट्रेन एक ट्रिप के लिए मंगलवार को हावड़ा से रवाना होगी।

जोधपुर मंडल डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संख्या 04808 हावड़ा-जोधपुर स्पेशल ट्रेन मंगलवार को हावड़ा से रात्रि 11 बजे प्रस्थान कर गुरुवार सुबह 11.50 बजे जोधपुर पहुंचेगी। ट्रेन प्रयागराज-टूंडला-जयपुर मार्ग से संचालित होगी। विशेष ट्रेन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुल 21 कोच लगाए गए हैं जिसमें 1 फर्स्ट मय एसी, 2 सेकंड एसी, 7 थर्ड एसी, 6 स्लीपर, 3 जनरल, 2 गार्ड (एसएलआर) को शामिल हैं। सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि विशेष ट्रेन मार्ग के 27 स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ये स्टेशन वर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, ईदगाह, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, गांधी नगर जयपुर, जयपुर, फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, रेन, मेड़ता रोड, गोटन और पीपाड़ रोड है।

सूरसागर क्षेत्र में नकली घी के कारोबार का भंडाफोड़

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के सूरसागर थाना क्षेत्र में नकली घी को लेकर कार्रवाई की गई है।

जोधपुर इन दिनों नकली घी का मार्केट बनने की तरफ अग्रसर है। मंडोर मंडी के बाद अब जोधपुर में सूरसागर क्षेत्र में भी नकली घी का कारोबार पकड़ा गया है। हालांकि कितना नकली घी पकड़ा गया है इसका खुलासा नहीं हो सका है। मौके से टीम को क्षीर ब्रांड के नाम से घी मिला है।

गैरतलब है कि नकली घी को लेकर लंबे समय से शिकायत मिल रही थी, और इसी आधार पर पुलिस टीम की ओर से कारवाई की गई है। नकली महज 200 से 250 रुपए प्रति लीटर में तैयार कर उसे मार्केट में 500 से 700 रुपए प्रति लीटर की रेट से बेचा जाता है।

थाना अधिकारी हरीश सोलंकी ने बताया कि सूरसागर क्षेत्र के मावड़ियो की घाटी में ये पूरी कार्रवाई की गई। मौके से 23 डब्बे क्षीर ब्रांड का घी बरामद किया गया। इस मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया है। फिलहाल मामले में अनुसंधान जारी है। जोधपुर में इन दिनों शादियों की सीजन चल रही है, ऐसे में शादियों के समय में घी की खपत भी बढ़ जाती है और इसी का फायदा उठाकर नकली घी बेचने वाले सक्रिय हो जाते हैंऔर डिब्बों पर असली कंपनी का लेबल लगाकर नकली घी बाजार में उतार देते हैं।

टीम की ओर से पूर्व में मंडोर मंडी में नकली घी को लेकर ब्लॉक 11 में अक्षत ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई की गई थी। वहां अलग-अलग ब्रांड के टीन के डब्बे मिले थे।

कार्रवाई के दौरान टीम ने मिक्स घी के कई ब्रांडों के टीन, खाली कार्टन, सीलिंग मशीन और ढक्कन बरामद किए। पुलिस ने क्षीर ब्रांड के 15 लीटर के 20 टीन, प्राइड ब्रांड पाम ऑयल के 8 टीन और 37 खाली टीन जब्त किए थे। साथ ही हीटिंग मशीन, सील करने वाली मशीन, घी मिक्स करने के जार और ढक्कनों के साथ पैकिंग सील भी मिली थी।

रोवर रेंजर के लिए जंबूरी 9 जनवरी से

पाली, (नि.सं.)। भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं कॉलेज में अध्ययनरत 15 से 25 साल के सीनियर स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर के लिए 75 साल में पहली बार राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन बुडली बालोद छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।

समय पर उपलब्धि अर्जित करें : प्रताप

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रतापसिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, ई-फाइलिंग, अंतर्विभागीय मुद्दों, ई-श्रम योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पी.एम सूर्यघर योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि योजना सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से प्रगति की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवंटित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि वे पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य कार्ड वितरण कार्य में गति लावे एवं समय पर कार्ड वितरण कराये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल के साथ ही विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

यातायात सुचारू करने की मांग

जालोर, (कासं)। शिव सेना जालोर के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहत ने सोमवार को जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपकर कानीवाडा हनुमान मंदिर में यातायात व्यवस्था सुचारु करने की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि कानीवाडा हनुमानजी मंदिर के बाहर बढते ट्रैफिक जाम, एम्बुलेंस रुकने की गंभीर समस्या, प्रसाद दुकानों की अव्यवस्थित स्थिति एवं बायपास सडक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

मंदिर के बाहर यातायात व्यवस्था सुचारु करने के साथ एक पुलिस कर्मी नियमित रुप से तैनात करने सहित अन्य मांगो को पुरा करने की मांग की गई।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सायला (जालौर)

(पुराना बस स्टेण्ड, सायला-343022) E-mail : mbsayla2024@gmail.com

क्रमांकः न.पा.सा./69A/2025/781 दिनांकः- 03.12.2025

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा 69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक पट्टा एवं भवन निर्माण स्वीकृति हेतु कार्यालय में पत्रावली प्रस्तुत की गयी है। इस संबंध मे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 (सात) दिवस में मय सबूत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित रहें, जो पत्रावली विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.स.	पत्रावली सं.	प्रार्थी का नाम	पिता/पति का नाम	मौहल्ला/वार्ड संख्या	भूमि का क्षैत्रफल वर्गमीटर	नियमन हेतु
1	23/2025	श्रीमति पुष्पा देवी	श्री भंवरलाल सेन	मारूति नगर कॉलोनी सायला	86.54 व.मी	आवासीय
2	24/2025	श्री भैरू सिंह	श्री हुकमसिंह	राजाराम नगर गोलिया सायला	232.34 व.मी	आवासीय
3	25/2025	श्री गणपत भारती	श्री करना भारती	पुराना बस स्टेण्ड सायला	36.46 व.मी	आवासीय

भवन निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन पत्रावली

क्र.स.	पत्रावली सं.	प्रार्थी का नाम	मौहल्ला /वार्ड संख्या	भूमि का क्षैत्रफल	प्रयोजनार्थ
1	02/2025	स्माइल खान/तगे खान	चौधरी समाज भवन रोड सायला	132.43 व.मी.	आवासीय

राज.संवाद/सी/25/15260 अधिशाषी अधिकारी

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रवासी राजस्थानी दिवस
10 दिसम्बर 2025 • जयपुर

देश-दुनिया में जिन्होंने बढ़ाया मान
उनके स्वागत में तैयार है राजस्थान

हमारे प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों ने अपनी कुशलता और कर्मठता से देश-विदेश में नाम कमाया और राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया।

प्रवासियों को राज्य की विकास यात्रा में भागीदार बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने हर वर्ष 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के आयोजन की पहल की।

प्रवासी राजस्थानी दिवस का पहला आयोजन 10 दिसम्बर 2025 को जयपुर में किया जा रहा है। प्रवासियों के साथ हमारे इस रिश्ते को मज़बूत करने में यह आयोजन एक अहम कड़ी है।

प्रवासी राजस्थानियों के लिए राजस्थान सरकार की पहल
- प्रवासी राजस्थानियों हेतु नए विभाग का गठन
- राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चैप्टर गठित, 12 पुराने चैप्टर्स को किया सक्रिय
- नई प्रवासी राजस्थानी नीति

प्रवासियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए 8 विशेष सत्र
- प्रवासी राजस्थानी संवाद
- उद्योग
- शिक्षा
- जल संसाधन
- नवीन एवं अक्षय ऊर्जा
- स्वास्थ्य
- पर्यटन
- खनन

राजस्थान संवाद

2 साल नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

आयोजक
Rajasthan Foundation
BIP RAJASTHAN
RIICO GROW WITH RAJASTHAN

इंडस्ट्री पार्टनर
CII Confederation of Indian Industry